वो प्यारी तेरी छवि रे

वो प्यारी वो प्यारी तेरी छवि रे,
छवि बेमिसाल,
वो काली कजरारी तेरी आँखे ,
माथे केसर तिलक लगा कर घुंगराले तेरे बाल,
वो प्यारी तेरी छवि रे...

माखन कान्हा नेक चखा दे,
बांसुरियां आज फिर सुना दे,
सोया है संसार नचादे,
पनहारी में प्रेम जगा दे,
मदन गोपाल वो प्यारी वो प्यारी तेरी छवि रे,
छवि बेमिसाल...

वो तेरा मटकी का गिरना,
राधा जी को खूब सजाना,
मईया के आगे इठलाना,
वृन्दावन में धूम मचाना,
जादू गरी चाल,
वो प्यारी तेरी छवि रे....

लेहरी दिल को क्या समजाओ,
हाल हुआ क्या मैं बतलाऊ,
बोल तुझे मैं कैसे मनाऊ,
हूँ जाये दीदार क्या गाउ,
प्यारे नन्द लाल,
वो प्यारी तेरी छवि रे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5643/title/vo-pyari-teri-chavi-re-chavi-bemisaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |